राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

(उच्चत्तर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

**सार्वजनिक सूचना**
**27.07.2022**

## PM Young Achievers Scholarship Award Scheme for Vibrant India (PM YASASVI) ENTRANCE TEST-2022

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA ) की स्थापना शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक स्वतंत्र/स्वायत, आत्मनिर्भर और प्रमुख परीक्षण संस्था के रूप में की गई है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने, अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (EBC) और गैर-अधिसूचित, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजाति(DNT/S-NT) श्रेणियों से संबंधित भारत भर के निर्धारित स्कूलों में कक्षा IX और कक्षा XI में पढ़ रहे हैं योग्य अभ्यर्थियों को, (जिनके माता-पिता/अभिभावक की सभी स्रोतों से वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से अधिक नहीं है) उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए **PM Young Achievers Scholarship Award Scheme for Vibrant India (YASASVI)** के रूप में जानी जाने वाली एक योजना तैयार की है।

इस योजना के तहत छात्रवृत्ति-पुरस्कार के लिए अभ्यर्थियों का चयन एक लिखित परीक्षा के माध्यम से होता है जिसे **YASASVI ENTRANCE TEST** कहा जाता है।

NTA को **YASASVI ENTRANCE TEST 2022** आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। NTA, **YASASVI ENTRANCE TEST-2022** का आयोजन, नीचे दिए गए विवरणों के अनुसार करेगा।

| | |
|---|---|
| उद्देश्य | MSJ&E द्वारा निर्धारित किए गए स्कूलों में अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति-पुरस्कार के लिए कक्षा IX और कक्षा XI में पढ़ने वाले OBC, EBC और DNT श्रेणी के अभ्यर्थियों के चयन से संबंधित परीक्षा। |
| परीक्षा आयोजित करने की पद्धति | **कंप्यूटर आधारित टेस्ट (CBT)** |
| परीक्षा का प्रारूप | **वस्तुनिष्ठ प्रकार जिसमें 100 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) शामिल हैं** |
| अवधि | **3 घंटे** |
| माध्यम | **अंग्रेजी और हिंदी** |
| परीक्षा की तिथि | **11.09.2022 (रविवार)** |
| परीक्षा शहर | परीक्षा, भारत के 78 शहरों में होगी |
| परीक्षा शुल्क | अभ्यर्थियों को किसी भी परीक्षा शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। |
| आवेदन कैसे करें | अभ्यर्थियों को https://yet.nta.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा |

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

(उच्चत्तर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

| | |
|---|---|
| परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करना | 27.07.2022 से 26.08.2022 ( रात्रि 11.50 तक ) |

परीक्षा से संबंधित योजना/पाठ्यक्रम, पात्रता, निर्धारित किए गए स्कूलों की सूची, परीक्षा शहर, महत्वपूर्ण तिथियां, आदि, https://yet.nta.ac.in पर प्रदर्शित की गई सूचना विज्ञप्ति में निहित हैं।

**परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत सूचना बुलेटिन पढ़ सकते हैं और केवल https://yet.nta.ac.in पर 27.07.2022 और 26.08.2022 के बीच ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।**

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा से संबंधित अपडेट के लिए NTA की वेबसाइट के संपर्क में रहें।

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, अभ्यर्थी NTA हेल्प डेस्क को **011 4075 9000 या 011 6922 7700** पर कॉल कर सकते हैं या NTA को yet@nta.ac.in पर लिख सकते हैं।

**डॉ० साधना पाराशर**
**वरिष्ठ निदेशक**